किया गया है और यह किस दर पर अधिगृहीत की गई है ;

(ख) क्या सरकार इस योजना के अन्तर्गत निम्न आय के लोगों तथा कर्मचारियों को बड़ी संख्या में मकान बनाने के लिए जमीन दे कर 20—सूत्री कार्यक्रम को पूरी तरह लागू करेगी ; और

(ग) प्लाट कौन सी विभिन्न श्रेणियों को देने का विचार है ?

संसदीय कार्य तथा निर्माण, और आवास मंत्री (श्री भीष्म नारायण सिंह) : (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जायेगी।

बस्तर जिले को कुटारू राष्ट्रीय पार्क योजना

7463. श्री अरविन्द नेताम : क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने मध्य प्रदेश के बस्तर जिले की कुटारू राष्ट्रीय पार्क योजना जिसे केवल भैंसों के लिए आरक्षित करने का विचार है, को स्वीकृति दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार को इस पार्क के लिए कितनी जमीन की आवश्यकता है ;

(ग) जमीन के अधिग्रहण से कितने गांव तथा कितने आदिवासी परिवार प्रभावित होंगे ;

(घ) क्या प्रभावित गांवों के आदिवासी परिवारों के पुनर्वास के लिए सरकार ने कोई योजना तैयार की है ;

(ङ) यदि हां, तो योजना का ब्यौरा क्या है ; और

(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

कृषि तथा ग्रामीण विकास मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री आर० वी० स्वामीनाथन) : (क) मध्य प्रदेश सरकार ने बस्तर जिले में कुट राष्ट्रीय पार्क गठित करने का इरादा अधिसूचित किया है। इस पार्क में संरक्षण हेतु मुख्य प्रजाति जंगली भैंसा है।

(ख) प्रस्तावित राष्ट्रीय पार्क के लिए लगभग 1258 वर्ग किलो मीटर का एक क्षेत्र अधिसूचित किया गया है। इसमें से केवल लगभग 28 वर्ग किलो मीटर खेती की भूमि है, और शेष आरक्षित और संरक्षित वन है अभी किसी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है।

(ग) से (च) आदिवासियों से सम्बन्धित किसी निजी भूमि के अधिग्रहण की किसी योजना को अभी अन्तिम रूप नहीं दिया गया है।

अत: इस अवस्था में पुनर्वास का प्रश्न ही नहीं होता।

Utilization of Rain Fall

7464. SHRI KUSUMA KRISHNA MURTHY: Will the Minister of IRRIGATION be pleased to state:

(a) whether Government have conceived any plan to utilize the excess rain fall for power generation and irrigation in various regions; and

(b) whether Government have furnished any project to World Bank for solving the recurring problem of floods in India?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF IRRIGATION (SHRI Z. R. ANSARI): (a) The multipurpose storage projects constructed/under construction and proposed to be constructed by various States are intended to utilise river flows during monsoon for various beneficial purposes. The Government also propose to carry out surveys and investigation for construction of additional storage